Teachingninja.in

Latest Govt Job updates

Private Job updates

Free Mock tests available

Visit - teachingninja.in

# UKPSC
# JE
## Previous Year Paper
### (Hindi)
### 23 Dec, 2023

Teachingninja.in

1. 'पुनर्विवाह' शब्द में कौन सा उपसर्ग है ?
(a) पु (b) पुर्न (c) पुनर् (d) पुनरु

2. 'संसार' शब्द में सही उपसर्ग चुनिए –
(a) स (b) सम् (c) सन् (d) सं

3. 'महिमा' शब्द में कौन सा प्रत्यय प्रयुक्त हुआ है ?
(a) मा (b) आ (c) इमा (d) इनमें से कोई नहीं

4. 'विज्ञान' शब्द में कौन सा उपसर्ग प्रयुक्त हुआ है ?
(a) विज्ञ (b) विज्ञा (c) ज्ञा (d) वि

5. 'शासकीय' शब्द में प्रयुक्त सही प्रत्यय चुनिए –
(a) य (b) ईय (c) इय (d) इनमें से कोई नहीं

6. निम्नलिखित में से किस शब्द में प्रत्यय नहीं है ?
(a) अनुकरण (b) टिकाऊ (c) झगड़ा (d) दिखावा

7. 'बुद्धिजीवी' शब्द में सही प्रत्यय छाँटिए –
(a) ई (b) वी (c) जीवी (d) इनमें से कोई नहीं

8. निम्नलिखित शब्दों में से कौन सा शब्द अयादि संधि का नहीं है ?
(a) गणेश (b) नयन (c) नायक (d) पावक

9. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द उपसर्ग और प्रत्यय से जुड़ा हुआ है ?
(a) सौदागर (b) निंदक (c) अनुकरणीय (d) करणीय

10. 'राजपुरुष' में कौन सा समास है ?
(a) अव्ययीभाव समास
(b) बहुव्रीहि समास
(c) कर्मधारय समास
(d) तत्पुरुष समास

11. जिसमें प्रथम शब्द संख्यावाची विशेषण हो और दूसरा संज्ञा वहाँ कौन सा समास होगा ?
(a) द्वन्द्व समास (b) द्विगु समास (c) अव्ययीभाव समास (d) तत्पुरुष समास



Teachingninja.in

12. 'अत्युत्तम' में कौन सी सन्धि है ?
(a) दीर्घ सन्धि (b) यण् सन्धि (c) वृद्धि सन्धि (d) अयादि सन्धि

13. निम्नलिखित शब्दों में से कौन सा शब्द व्यंजन संधि का है ?
(a) परमार्थ (b) रत्नाकर (c) निरर्थक (d) वागीश

14. 'पुरस्कार' का संधि विच्छेद होगा –
(a) पुरस् + कार (b) पुरः + कार (c) पुर + कार (d) पुरस + कार

15. निम्नलिखित में से तद्धित प्रत्यय का उदाहरण नहीं है :
(a) उड़ान (b) समानांतर (c) कामदार (d) जलचर

16. 'कृति' शब्द में कौन सा प्रत्यय है ?
(a) ती (b) ति (c) ई (d) इक

17. 'प्यासा' शब्द में कौन सा प्रत्यय है ?
(a) सा (b) आ (c) अ (d) यासा

18. 'फलित' शब्द में कौन सा प्रत्यय है ?
(a) त (b) लित (c) इत (d) अत

19. विशेषण का अशुद्ध स्वरूप है –
(a) धैर्यपूर्वक (b) विश्वासित (c) शक्तिशाली (d) हतोत्साह

20. 'चश्मा' किस भाषा का शब्द है ?
(a) अंग्रेजी (b) अरबी (c) तुर्की (d) फारसी

21. निम्नलिखित शब्दों में से कौन सा शब्द अरबी भाषा से आया है ?
(a) तबला (b) सपना (c) तिनका (d) दुबला

22. निम्नलिखित शब्दों में से कौन सा शब्द तद्भव नहीं है ?
(a) आग (b) कुष्ठ (c) पत्ता (d) अनाज

23. निम्नलिखित में से तत्सम शब्द चुनिए –
(a) आँख (b) अजान (c) आँसू (d) अट्टालिका



Teachingninja.in

24. निम्नलिखित शब्दों में से कौन सा शब्द 'विष्णु' का पर्यायवाची नहीं है ?

(a) लक्ष्मीपति (b) कमलापति (c) चक्रधर (d) रतिपति

25. निम्नलिखित में से तद्भव शब्द छाँटिए –

(a) जगत् (b) शिथिल (c) जग (d) तिक्त

26. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द 'सिंह' का पर्यायवाची है ?

(a) मेदिनी (b) खगोल (c) मृगेन्द्र (d) सिन्धुर

27. किस विकल्प के सभी शब्द परस्पर पर्यायवाची हैं ?

(a) पाषाण, अश्म, उत्पल (b) पयोधर, उरोज, सरोज

(c) अमिय, अमी, पीयूष, सुधा (d) शर, गदा, बाण, खर

28. 'अधर्म' का पर्यायवाची है –

(a) अत्याचार (b) अनाचार (c) आकुल (d) व्यभिचार

29. 'खुरपा' शब्द है –

(a) तत्सम (b) तद्भव (c) देशज (d) विदेशी

30. निम्नलिखित में से तत्सम शब्द छाँटिए –

(a) अनजान (b) सच (c) अश्रु (d) मछली

31. 'नाक' किस प्रकार का शब्द है ?

(a) रूढ़ (b) यौगिक (c) योगरूढ़ (d) इनमें से कोई नहीं

32. 'लम्बोदर' किस प्रकार का शब्द है ?

(a) यौगिक (b) रूढ़ (c) योगरूढ़ (d) इनमें से कोई नहीं

33. निम्नलिखित में से विकारी शब्द कौन सा है ?

(a) परन्तु (b) लड़की (c) आज (d) कल

34. 'राम ने पेड़ों को काटा' वाक्य में कर्म कारक है –

(a) पेड़ों को (b) राम ने (c) काटा (d) पेड़



Teachingninja.in

35. निम्नलिखित शब्दों में से 'सुन्दर' का विलोम है :

(a) कृष्ण (b) काला (c) गोरा (d) कुरूप

36. 'वे शब्द जिनके खण्ड किये जाने पर खण्डों का कोई अर्थ न हो' उन्हें कहा जाता है –

(a) योगरूढ़ (b) यौगिक (c) लक्षक (d) रूढ़

37. 'जो शब्द केवल अपने अभिधेयार्थ अर्थ ही प्रदान करते हैं' उन्हें कहा जाता है –

(a) लक्षक (b) व्यंजक (c) वाचक (d) तद्भव

38. 'एक या एक से अधिक वर्णों के स्वतंत्र और सार्थक ध्वनि समुदाय को जो प्रत्यय न हो' उसे क्या कहते हैं ?

(a) वाक्य (b) शब्द (c) खण्ड (d) ध्वनि

39. रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए :

सूर्य की अनगिनत ________ एक साथ पृथ्वी पर आती हैं ।

(a) किरणें (b) छाया (c) प्रतिबिम्ब (d) धूप

40. रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए :

घुड़सवारों का एक ________ इधर आ निकला ।

(a) झुंड (b) दल (c) सभा (d) पुंज

41. रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए :

कैलास पर्वत पर भगवान ________ का निवास है ।

(a) शंकर (b) विष्णु (c) लक्ष्मी (d) सरस्वती

42. रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए :

सुदामा मथुरा के बड़े-बड़े ________ को देखकर चकित रह गए ।

(a) प्रसाद (b) प्रासाद (c) प्रशाद (d) प्रशादा

43. रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए :

सुगंध और ________ में अंतर करना कठिन कार्य नहीं है ।

(a) खुशबू (b) दुर्गंध (c) समीर (d) सदुपयोग

44. दो या दो से अधिक पदों के उस समुदाय को क्या कहते हैं जो किसी एक विचार को पूर्णता से प्रकट करने में समर्थ हो ?

(a) वर्ण (b) वाक्य (c) लिपि (d) ध्वनि



Teachingninja.in

45. जिन वाक्यों में किसी न किसी रूप में कार्य का 'हाँ' में विधान किया जाता है उन्हें कहा जाता है –

(a) विधेयात्मक वाक्य
(b) निषेधात्मक वाक्य
(c) प्रश्नमूलक वाक्य
(d) विस्मयादिबोधक वाक्य

46. वाक्य में प्रयुक्त किए जाने वाले शब्दों का उनके लिंग, वचन और पुरुष आदि के अनुसार जो आपसी सम्बन्ध होता है उसे क्या कहते हैं ?

(a) अन्वय
(b) क्रम
(c) उद्देश्य
(d) समानाधिकरण

47. वाक्य के घटक होते हैं –

(a) कर्म और क्रिया
(b) उद्देश्य और विधेय
(c) कर्ता और क्रिया
(d) कर्म और विशेषण

48. 'क्या तुम स्कूल जाओगे ?' किस प्रकार का वाक्य है ?

(a) प्रश्नवाचक
(b) आज्ञावाचक
(c) निषेधवाचक
(d) संदेहवाचक

49. जब एक से अधिक स्वतंत्र वाक्यों को समानाधिकरण बोधक अव्ययों से जोड़कर एक वाक्य बना दिया जाता है तब उसे क्या कहा जाता है ?

(a) संयुक्त वाक्य
(b) साधारण वाक्य
(c) मिश्र वाक्य
(d) प्रश्नमूलक वाक्य

50. शुद्ध वाक्य का चयन करें –

(a) मैं प्रत्येक रविवार पर घर जाता हूँ ।
(b) मैं प्रत्येक रविवार से घर जाता हूँ ।
(c) मैं प्रत्येक रविवार को घर जाता हूँ ।
(d) मैं प्रत्येक रविवार में घर जाता हूँ ।

51. शुद्ध वाक्य का चयन करें –

(a) तुमसे कोई काम नहीं हो सकता ।
(b) तुम्हारे से कोई काम नहीं हो सकता ।
(c) तुम्हारे से कोई काम नहीं हो सकते ।
(d) तुम्हारे में कोई काम नहीं हो सकते ।

52. निम्नलिखित वाक्य में क्रिया-सम्बन्धी अशुद्ध वाक्य है :

(a) झील बहुत गहरी है ।
(b) यह काम उसने करा है ।
(c) आपने मुझ पर बड़ी कृपा की ।
(d) वह मेरे घर कई दिन तक रहा ।

53. 'श्याम ने लिखा है, कि वह कल आ रहा है ।' किस प्रकार का वाक्य है ?

(a) संयुक्त वाक्य
(b) मिश्र वाक्य
(c) सरल वाक्य
(d) कोई भी नहीं

54. निम्नलिखित वाक्यों में अशुद्ध वाक्य चुनिए, जिसमें उपयुक्त विराम चिह्नों का प्रयोग न हो –

(a) अरे ! वह कब आया ?
(b) रोको मत जाने दो ।
(c) उसने कहा, "तुम बुद्धिमान हो ।"
(d) इनमें से कोई नहीं



Teachingninja.in

55. निम्नांकित में से शुद्ध शब्द छाँटिए –
(a) आशीर्वाद (b) आर्शीवाद (c) आर्सीवाद (d) आशिरवाद

56. निम्नलिखित शब्दों में व्यंजन अशुद्धि वाला शब्द छाँटिए –
(a) अधीन (b) अशुद्धि (c) अतिथि (d) मूर्धण्य

57. निम्नलिखित विकल्पों में कौन सा शब्द अशुद्ध है ?
(a) हेतु (b) साधू (c) हाउस (d) उच्चारण

58. निम्नलिखित में अशुद्ध शब्द है :
(a) पूजनीय (b) अभिमानी (c) पत्नि (d) संन्यासी

59. इनमें से सही शब्द है :
(a) जलुस (b) पारितोषक (c) आप्लावित (d) आतिश्योक्ति

60. 'छक्के छुड़ा देना' मुहावरे का सही अर्थ छाँटिए –
(a) पूरी तरह से परास्त करना। (b) परास्त होना।
(c) बुद्धि ठिकाने न रहना। (d) अलग हो जाना।

61. 'दया उत्पन्न होना' के लिए उपयुक्त मुहावरा चुनिए –
(a) तरस जाना (b) तलब करना (c) तमक उठना (d) तरस आना

62. 'पर उपदेश कुशल बहुतेरे' लोकोक्ति का सही अर्थ चुनिए –
(a) दूसरों को उपदेश देने वाले बहुत हैं परन्तु उन पर स्वयं अमल करने वाले बहुत कम।
(b) दूसरों को उपदेश देने वाले कुशल हैं।
(c) कुशलता से उपदेश देने वाले बहुत नहीं।
(d) उपदेश देना कुशलता का काम है।

63. 'गाँठ का पूरा अक्ल का अंधा' लोकोक्ति का सही अर्थ चुनिए –
(a) बहुत धनी व्यक्ति (b) धनी किन्तु मूर्ख व्यक्ति
(c) मूर्ख व्यक्ति (d) निर्धन किन्तु धनवान बनने वाला

64. निम्नलिखित में से कौन सा वाक्यांश मुहावरा नहीं है ?
(a) अंग शिथिल होना (b) इशारे पर नाचना (c) ईद का चाँद होना (d) लाल मुँह करना

65. 'हारिल की लकड़ी, पकड़ी सो पकड़ी' लोकोक्ति से तात्पर्य है –
(a) कम कीमत पर अच्छी चीज पाना (b) संतोषी व्यक्ति सदैव सुखी रहता है
(c) दुराग्रही व्यक्ति अपना दुराग्रह नहीं त्यागता (d) हारिल को लकड़ी अच्छी लगती है



Teachingninja.in

66. 'ओखली में सिर देना' मुहावरे का अर्थ है –

(a) चोट लगना
(b) बहुत आसान काम करना
(c) जान-बूझकर विपत्ति मोल लेना
(d) ओखली में हाथ डालना

67. 'बाँछें खिल जाना' मुहावरे का अर्थ है –

(a) कठोर परिश्रम करना
(b) क्रोधित होना
(c) बहुत खुश होना
(d) बीमार पड़ना

68. 'गागर में सागर भरना' लोकोक्ति का अर्थ है –

(a) शब्द जाल में उलझाना
(b) बेतुकी बात करना
(c) कम शब्दों में बहुत कुछ कहना
(d) सारहीन वार्तालाप

69. 'आप भला तो जग भला' लोकोक्ति का अर्थ है –

(a) दोनों ओर विपत्ति
(b) भले को सब भले ही लगते हैं
(c) जान-बूझकर विपत्ति लेना
(d) बेमेल चीजों का सम्मिश्रण

## अपठित गद्यांश

हँसी भीतरी आनंद का बाहरी चिह्न है। जीवन की सबसे प्यारी और उत्तम से उत्तम वस्तु एक बार हँस लेना तथा शरीर को अच्छा रखने की अच्छी से अच्छी दवा एक बार खिलखिला उठना है। पुराने लोग कह गये हैं कि हँसो और पेट फुलाओ। हँसी कितने ही कला-कौशलों से भली है। जितना ही अधिक आनंद से हँसोगे उतनी ही आयु बढ़ेगी। एक यूनानी विद्वान कहता है कि सदा अपने कर्मों पर झीखने वाला हेरीक्लेस बहुत कम जिया, पर प्रसन्न मन डेमाक्रीट्स 109 वर्ष तक जिया। हँसी-खुशी ही का नाम जीवन है। जो रोते हैं उनका जीवन व्यर्थ है। कवि कहता है – जिन्दगी 'जिन्दादिली का नाम है, मुर्दा दिल ख़ाक जिया करते हैं।' मनुष्य के शरीर के वर्णन पर एक विलायती विद्वान ने एक पुस्तक लिखी है। उसमें वह कहता है कि उत्तम सुअवसर की हँसी उदास से उदास मनुष्य के चित्त को प्रफुल्लित कर देती है। आनंद एक ऐसा प्रबल इंजन है कि उससे शोक और दुःख की दीवारों को ढहा सकते हैं। प्राण-रक्षा के लिए सदा सब देशों में उत्तम से उत्तम उपाय मनुष्य के चित्त को प्रसन्न रखना है। सुयोग्य वैद्य अपने रोगी के कानों में आनंदरूपी मंत्र सुनाता है।

70. 'प्राण-रक्षा के लिए उत्तम से उत्तम उपाय है' को स्पष्ट कीजिए –

(a) चित्त को दुःखी रखना
(b) चित्त को प्रसन्न रखना
(c) उदास होना
(d) सुअवसर की तलाश में रहना



Teachingninja.in

71. आनंद को "प्रबल इंजन" क्यों कहा गया है ?

(a) वह जीवन को गति देता है ।

(b) वह जीवन को ऊर्जा देता है ।

(c) वह जीवन में हँसी पैदा करता है ।

(d) वह शोक और दुःख को दूर करता है ।

72. 'प्रफुल्लित' में कौन सा उपसर्ग है ?

(a) पर (b) प्र (c) त (d) इत

73. सुयोग्य वैद्य रोगी के लिए क्या करता है ?

(a) मंत्र जाप करता है ।

(b) आनंद के उपाय सुझाता है ।

(c) कानों में आनंद नाम का जाप करता है ।

(d) दवाईरूपी आनंद प्रदान करता है ।

74. हँसी से व्यक्ति ________ उठता है ।

(a) खिलखिला (b) जीवन व्यर्थ (c) दुःखी होता (d) सुख प्रकट करता है

75. 'प्रफुल्लित' का अर्थ है –

(a) मुरझाया हुआ (b) खिला हुआ (c) दुःखी होना (d) सुखी होना

76. झीखने वाले व्यक्ति की उम्र ________ होती है ।

(a) कम

(b) अधिक

(c) आनंदित करने वाली

(d) उदासीन करने वाली

77. "हँसी भीतरी आनंद का बाहरी चिह्न है" का अर्थ स्पष्ट कीजिए ।

(a) हँसी भीतरी चीज है बाहरी नहीं ।

(b) हँसी बाहरी दिखावा है ।

(c) हँसी मन के आनंद को बाहर प्रकट करती है ।

(d) हँसी का आनंद अंदर और बाहर दोनों जगह प्रकट होता है ।

78. उपर्युक्त गद्यांश का सही शीर्षक चुनिए –

(a) हँसी एक वरदान

(b) प्रसन्नता एक वरदान

(c) हँसी ही जीवन है

(d) हँसी दुःखनाशक है



Teachingninja.in

79. ह्रस्व, दीर्घ और प्लुत प्रकार हैं –

(a) व्यंजन के (b) स्वर के (c) समास के (d) उपसर्ग के

80. जिन वर्णों का उच्चारण स्वतंत्र होता है उन वर्णों को कहते हैं –

(a) स्वर (b) व्यंजन (c) अनुस्वार (d) विसर्ग

81. निम्नलिखित में दंत्योष्ठ्य व्यंजन कौन से हैं ?

(a) क, ख (b) च, छ (c) ट, ठ (d) फ, व

82. श्वास की मात्रा के आधार पर व्यंजन की श्रेणियाँ हैं –

(a) अघोष, सघोष व्यंजन (b) अल्पप्राण और महाप्राण

(c) स्पर्श व्यंजन और संघर्षी व्यंजन (d) कंठ्य और तालव्य

83. निम्नलिखित में महाप्राण वर्णों का समूह है :

(a) स, श, ष, ह, फ़ (b) ख, झ, ठ, थ, ध (c) य, र, ल, व, ह (d) ग, च, त, न, म

84. निम्नलिखित में ऊष्म व्यंजन है :

(a) क (b) ग (c) ष (d) क्ष

85. उच्चारण स्थान के आधार पर 'च' व्यंजन किस प्रकार का है ?

(a) तालव्य (b) दंत्य (c) ओष्ठ्य (d) वर्त्स्य

86. निम्नलिखित में से ओष्ठ्य वर्ण कौन सा है ?

(a) क (b) च (c) द (d) भ

87. निम्नलिखित में से कौन सा व्यंजन महाप्राण है ?

(a) ख (b) क (c) ट (d) द

88. निम्नलिखित में से कौन सा वर्ण घोष है ?

(a) प (b) ट (c) द (d) थ

89. वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है –

(a) वरिष्ट (b) वशिष्ठ (c) वशिष्ट (d) वस्तू



Teachingninja.in

90. 'ज्योत्स्ना' शब्द का शुद्ध वर्तनी विश्लेषण है –

(a) ज् + य् + ओ + त् + स् + न् + आ
(b) ज + य् + ओ + त + स + न + आ
(c) ज + य + ओ + त् + स + न् + आ
(d) ज + यो + अ + त + स + न + आ

91. निम्नलिखित शब्दों में से संयुक्ताक्षर के कारण वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध है :

(a) उद्देश्य
(b) स्वास्थ
(c) राज्याभिषेक
(d) आशीर्वाद

92. 'कृतघ्न' शब्द का शुद्ध वर्तनी विश्लेषण है –

(a) कृ + ऋ + त + अ + घ् + न
(b) क् + री + त् + अ + घ + न
(c) क् + ऋ + त् + अ + घ् + न् + अ
(d) क + ऋ + त्त + अ + घ + न + अ

93. 'कृपण' शब्द का शुद्ध वर्तनी विश्लेषण होगा –

(a) क + र + इ + प + ण + अ
(b) क् + ऋ + प् + अ + ण् + अ
(c) कृ + री + प + अ + ण + अ
(d) क् + ऋ + प + अ + ण + अ

94. निम्नांकित में से किस शब्द की शुद्ध वर्तनी है ?

(a) नीती
(b) आपूर्ती
(c) क्षत्रीय
(d) आपूर्ति

95. निम्नांकित में से शुद्ध शब्द छाँटें :

(a) अतिथी
(b) अतिथि
(c) उन्नती
(d) ईच्छा

96. निम्नांकित में से वर्तनी का शुद्ध रूप पहचानें :

(a) अधीन
(b) अत्याधिक
(c) आधीन
(d) अभ्यार्थी

97. निम्नांकित में से वर्तनी का शुद्ध रूप पहचानें :

(a) अनधिकार
(b) अनाधिकार
(c) अभ्यांतर
(d) दुरोवस्था

98. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द शुद्ध है ?

(a) सन्यासी
(b) संन्यासी
(c) संयासी
(d) सनयासी

99. जिस समास में दोनों पद प्रधान होते हैं उसे _______ कहते हैं।

(a) बहुव्रीहि समास
(b) तत्पुरुष समास
(c) द्वन्द्व समास
(d) अव्ययीभाव समास

100. निम्नलिखित में 'औ' उपसर्ग का शब्द है :

(a) अधकहा
(b) अनचाहा
(c) औचक
(d) अनसुना